1. संगठन,उसके कार्य एवं कर्तव्यों का विवरण

आई आर ई एल (इंडिया) लिमिटेड परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का एक उपक्रम है। कंपनी क्रमश: केरल, तमिलनाडु एवं उड़ीसा के तटीय क्षेत्रों में स्थित अपने तीन संयंत्रोंअर्थात् चवरा, मणवालकुरिच्चि और उड़ीसा सैण्ड्स कांप्लेक्स (ऑसकॉम)के माध्यम से, प्रति वर्ष 510 हज़ार टन इल्मेनाइट के पृथक्करण एवं विपणन के लिए और भारी खनिजों जैसे रुटाइल, जिरकॉन, मोनाजाइट, सिल्मेनाइट और गार्नेट से जुड़े तटीय रेत के खनन में लगी हुई है। आईआरईएल(इंडिया) लिमिटेडके पासमोनाजाइट प्रोसेस करके रेअर अर्थ्सक्लोराइड, ट्राइसोडियम फॉस्फेट और थोरियम आक्सलेट के उत्पादन के लिएकेरल (आलवे)में एक रेअर अर्थ्स प्लांट और मेन्टल ग्रेड थोरियम नाइट्रेट के उत्पादन के लिए ऑसकॉम में एक थोरियम प्लांट भी है।

1950 में मुंबई में कंपनी कीसंस्थापना के बाद से, आई आर ई एल(इंडिया)लिमिटेड ने पिछले 62 वर्षों के दौरान लगातार वृद्धि दर्जकी है और रु.2008 मिलियन के निर्यात घटक के साथ लगभग रु.6224 मिलियन की कुल बिक्री तक पहुंच गई है।आईआरईएल(इंडिया) लिमिटेड राष्ट्र के लिए बहुमूल्य विदेशी मुद्रा का एक महत्वपूर्ण अर्जक रहा है और अपने उत्पादों को यूएसए, यूके, फ्रांस, जर्मनी, नार्वे, जापान आदि जैसे उन्नत देशों में निर्यात कर रहा है। दशकों से, आईआरईएल(इंडिया) लिमिटेड ने तटीय रेत खनिजों और विरल रेत के यौगिकों केविश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में विश्व बाजार में एक कारपोरेट छवि बनाई है।

आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड के समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) का मूल्यांकन:

2018-19	उत्कृष्ट
2017-18	उत्कृष्ट
2016-17	बहुत अच्छा
2015-16	अच्छा
2014-15	अच्छा
2013-14	अच्छा
2012-13	बहुत अच्छा
2011-12	बहुत अच्छा
2010-11	अच्छा

आई आर ई एल (इंडिया) लिमिटेड की परिकल्पना अगले कुछ वर्षों में विश्व में तटीय रेत खनिजों के एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरने की है। यह वर्तमान क्षमताओं के अधिकतम उपयोग, नई क्षमताओं में वृद्धि, वैश्विक TiO_2के कच्चे माल केमांग के प्रमुख हिस्सा को प्राप्त करने और अपने खनिज उत्पादों के मूल्य वर्धन के द्वारा प्राप्त किया जासकेगा|

आई आर ई एल (इंडिया) लिमिटेड एक आई एस ओ 9001 और आईएसओ 14001 एवं ओ एच एस ए एस 18001 प्रमाणित कंपनी है।

कंपनी की अधिक जानकारी केलिए हमारी वेबसाइट के होम पेज पर जाएं: http://irel.co.in